आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 15.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश को 2028 तक गरीबीमुक्त बनाने के लिए मंत्रिपरिषद ने गरीब कल्याण मिशन को दी स्वीकृति।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वेक्षण होगा शुरू, सेल्फ सर्वे भी होगा मान्य।
- शहडोल में कल सातवी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन, दो हजार से अधिक उद्योगपति होंगे शामिल।
- भोपाल का जेपी अस्पताल बना, प्रदेश में एमआरआई सेवा देने वाला पहला जिला अस्पताल अन्य शहरों में भी होगी सेवा शुरू।

## कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश को 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से 'गरीब कल्याण मिशन' को स्वीकृति दी। मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुये उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है। मंत्रि-परिषद द्वारा "पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना" अंतर्गत प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की स्वीकृति दी है। मंत्रिपरिषद के निर्णयों के बारे में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया —

मंत्रि-परिषद ने एकीकृत पुलिस कॉल सेन्टर एवं नियंत्रण कक्ष तंत्र डायल-100 सेवा के द्वितीय चरण और मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना" को आगामी 2 वर्षों के लिए निरंतर रखे जाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा प्रदेश के जिलों में पुलिस बैण्ड की स्थापना के लिए कुल 932 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## विदिशा मुख्यमंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री मोहन यादव आज विदिशा में 177. 53 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हर गरीब को पक्का मकान देने का लक्ष्य जल्दी ही पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले सितंबर तक प्रदेश को 3 लाख 68 हजार 500 मकान की सौगात दी है। जिसमें अब 8 लाख 21 हजार 190 नए मकान जोड़े जा रहे हैं। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि जल्दी ही आवास विहीन पात्र व्यक्तियों का सर्वेक्षण फिर से शुरू होगा इस हेतु उन्होंने बताया कि प्रधान मंत्री आवास योजना के मोबाइल ऐप के माध्यम से सेल्फ सर्वे भी मान्य किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विदिशा नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में 48 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बड़ा है जिसमें जल्दी ही और वृद्धि की जाएगी।

**महाकुंभ रेल सेवा**

रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या **01661** स्पेशल ट्रेन 16 जनवरी से 20 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार 17 जनवरी से 21 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 2:45 बजे बनारस से रवाना होगी।

**पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के दौरे पर रहे। प्रधानमंत्री ने मुंबई में नौसेना गोदी में तीन अग्रणी नौसेना जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को नौसेना में शामिल किया। प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर, आध्यात्मिकता और ज्ञान की संपूर्ण परंपरा को दर्शाता है।

**रीजनल कॉन्क्लेव**

शहडोल में कल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है। कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ नीति संवाद और नवाचार साझा किये जायेंगे। कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी और 2 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन इकाइयों में 570 करोड़ रूपये का निवेश और 2600 रोजगार का सृजन होगा। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही निवेशकों के साथ 3 सेक्टोरल सत्र भी होंगे।

**मुख्यमंत्री जापान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती के अवसर पर मंत्रि-परिषद की अगली बैठक 24 जनवरी को महेश्वर में होगी। साथ ही ग्वालियर मेला और विक्रमोत्सव उज्जैन में मोटरयान

करों में छूट के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में जापान भी कंट्री पार्टनर के रूप में भाग लेगा। मुख्यमंत्री प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए 27 जनवरी से 1 फरवरी तक जापान यात्रा पर जाएंगे।

**जे पी हॉस्पिटल**

भोपाल का जेपी हॉस्पिटल में प्रदेश एमआरआई सेवा प्रदान करने पहला ज़िला चिकित्सालय बन गयाहै। 10 करोड़ 50 लाख रुपयों की लागत से बने एमआरआई सेवा केंद्र का आज उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि एमआरआई जांच सेवा उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में भी शीघ्र शुरू की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेवा सीजीएचएस दर से 30 प्रतिशत कम शुल्क पर नागरिकों को उपलब्ध होगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत हितग्राहियों के लिए यह सेवा निःशुल्क रहेगी।

**मौसम**

प्रदेश में जनवरी माह एक बार फिर बारिश संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, धार, छतरपुर, निवाड़ी सहित प्रदेश के आधे हिस्से में बारिश होने की संभावना है। वहीं प्रदेश में भोपाल, इन्दौर, रीवा, शहडोल संभागों में तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 5 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**समाचार संक्षेप :-**

- झाबुआ में कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में आज साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- देवास में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत आंगनवाड़ी सहायिकाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सहायिकाओं को बाल कुपोषण को रोकने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।
- श्योपुर कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पीएम जनमन बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि योजना के तहत स्वीकृत कार्यो को शुरू कराया जायें, जिन कार्यो के प्रस्ताव भेजे गये है उनकी स्वीकृति के लिए उनके माध्यम से पत्र भेजा जायें।
- भारत की महिला क्रिकेट टीम ने आज राजकोट में आयरलैण्ड की टीम को 304 रनों से हरा दिया। भारत ने पांच विकेट पर रिकार्ड 435 रन बनाये। जिसके जवाब में आयरलैण्ड की टीम 131 रन सिमट गई।